श्री संजय कुमार, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 16.08.2018 को नगर पंचायत, मोहनिया के कार्यों का किये गये निरीक्षण से सम्बन्धित निरीक्षण प्रतिवेदन ।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 16.08.2018 को कैमूर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, मोहनिया के कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया जिससे सम्बन्धित प्रतिवेदन निम्नवत् है :–

- नगर पंचायत, मोहनिया में **HFA(U)** योजनान्तर्गत स्वीकृत 158 आवासीय इकाई के विरूद्ध 60 लाभार्थियों को कार्यादेश निर्गत कर कार्य प्रारम्भ कराया गया जिसमें से मात्र 09 इकाइयों का ही निर्माण कार्य अब तक पूर्ण कराया जा सका है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कार्यों में तेजी लाकर शेष इकाइयों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाय ।
- **हर घर तक पक्की गली नाली** निश्चय योजना के अन्तर्गत 16 वार्डों में अब तक 25 योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है जिसके तहत पक्की गली की लम्बाई 1444 मीटर एवं नाली की लम्बाई 788 मीटर है । इससे आच्छादित घरों की संख्या 1007 है ।
- **SBM(U)** योजनान्तर्गत इस नगर निकाय के कुल 16 वार्डों में वर्ष 2016–17 से अब तक 1082 घरों में शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है । कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शेष बचे 53 घरों के शौचालय निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा । इस निकाय के लिए स्वीकृत सामुदायिक शौचालय की संख्या 34 सीटों की है जिसका कार्य भी प्रगति पर है ।
- इस निकाय के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में कुल 5700 घरों से 27.75 लाख होल्डिंग टैक्स की वसूली की जानी है । इसमें से जुलाई, 2018 तक ₹2.61 लाख की वसूली की गयी है जो कुल लक्ष्य का 9.41% है । होल्डिंग टैक्स वसूली की प्रगति काफी खराब है । कार्यपालक पदाधिकारी को होल्डिंग टैक्स की वसूली में तेजी लाने का निदेश दिया गया ।
- इस नगर निकाय में लोक शिकायत निवारण के तहत अब तक एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी गयी ।
- नगर पंचायत कार्यालय के पास बहुत पहले से एक मार्केट अवस्थित है जिसका शेड जर्जर अवस्था में पाया गया । इसे शीघ्र बदलवाने की आवश्यकता है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो ।
- स्टेशन रोड में जिला परिषद का मार्केट अवस्थित है, जहाँ पर बहुत गंदगी पायी गयी । कार्यपालक पदाधिकारी को जिला परिषद से समन्वय कर उसे साफ कराने का निदेश दिया गया ।
- कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि निगरानी केस के क्रम में संचिकाएँ सील हो जाने के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही है । जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में गठित कमिटी द्वारा एक इनवेन्ट्री तैयार कर सील को खोल दिया गया है । अब कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जायेगा ।

23.8.18

(संजय कुमार)
विशेष सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक 65 / SS पटना, दिनांक – 29.08.2018

प्रतिलिपि : कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, मोहनिया, जिला–कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

29.8.18

विशेष सचिव

ज्ञापांक 65 / SS पटना, दिनांक – 29.08.2018

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

29.8.18

विशेष सचिव

ज्ञापांक 65 / SS पटना, दिनांक – 29.08.2018

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित ।

29.8.18

विशेष सचिव